तापमान
अधिकतम 36 .4 डिग्री
न्यूनतम 24 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार, 20 अगस्त 2025

12 प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना समृद्ध विरासत



12 नशाखोरी से सेहत पर पड़ता है बुरा असर


## खबर संक्षेप

### पानीपत पुलिस ने दंगा निरोधक कंपनियां बनाई

**पानीपत।** पानीपत जिला में किसी भी लॉ एंड ऑडर की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में पुलिस के 428 जवानों की चार दंगा निरोधक कंपनी बनाई गई है। कंपनी में तैनात प्रत्येक जवान लाठी, डंडा, बॉडी प्रॉटेक्टर, कैन सिल्ड, हेल्मेट इत्यादी सभी प्रकार के एंटी राइट एक्यूपमेंट से लैस है। एक कंपनी में तीन अलग अलग प्लाटून बनाकर जवानों को तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने मंगलवार को जिला सचिवालय में तीन कंपनियों का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के दौरान आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा कानून से खिलवाड़ करने वाले असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटें।

### संधू को राजकीय सम्मान के साथ दी अंतिम विदाई

**यमुनानगर।** साढ़े 17 साल की उम्र में आर्मी में भर्ती होने वाले हवलदार विजेंद्र संधू को पैतृक गांव लेदा खादर में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। जब गांव में विजेंद्र का पार्थिव शरीर पहुंचा तो पूरा क्षेत्र विजेंद्र संधू अमर रहे के नारों से गूंज उठा। लेदा खादर व आस-पास के गांव के युवा पहले ही इंतजार में खड़े थे। जैसे ही सेना का वाहन पार्थिव शरीर लेकर लेदी पहुंचा तो युवा साथ-साथ लेदा खादर तक पहुंचे और अंतिम दर्शन के बाद अंतिम विदाई दी। सेना के उच्च अधिकारी के साथ 8 जवानों ने विजेंद्र संधू को सैनिक सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार ने बताया कि विजेंद्र 19 जुलाई को छुट्टी पर घर आया था। परिजनों को उसकी तबीयत ठीक नहीं लगी तो उसका चैकअप करवाया गया। डॉक्टर्स ने विजेंद्र को काला पीलिया से ग्रस्त होने की पुष्टि की। परिजन उसे दिल्ली के आर.आर. अस्पताल में ले गए जहां सोमवार की दोपहर 3 बजे विजेंद्र ने अंतिम सांस ली।

## करनाल में छात्रों ने नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

# शिक्षिका मनीषा को न्याय दिलाने की मांग को लेकर फूटा आक्रोश

- युवा कांग्रेस ने किया जाम सरकार के खिलाफ गरजे

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल**

भिवानी की शिक्षिका मनीषा हत्याकांड ने हरियाणा भर में आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। करनाल में मंगलवार को इस घटना के विरोध में छात्रों और युवाओं ने सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। जगह-जगह रैली, नारेबाजी और जाम की स्थिति देखने को मिली। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि मनीषा हत्याकांड की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को तुरंत फांसी की सजा दी जाए।

निजी संस्थानों के छात्र-छात्राएं सोमवार सुबह अपने संस्थानों से पैदल मार्च करते हुए सर्विस लेन से होते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने नायब तहसीलदार अरविंद यादव को ज्ञापन सौंपा। छात्रों का कहना था कि प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या ने हर



करनाल। विरोध प्रदर्शन करते हुए।

विद्यार्थी को झकझोर कर रख दिया है। छात्राओं ने कहा कि अगर दोषियों को कठोरतम सजा नहीं दी गई, तो विरोध प्रदर्शन लगातार जारी रहेंगे। छात्राओं ने भावुक होकर कहा यह मामला केवल एक शिक्षिका की हत्या का नहीं है, बल्कि हर बेटी के सम्मान और सुरक्षा का है। जब तक दोषियों को फांसी की सजा नहीं मिलती, तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी।"

इसी क्रम में दोपहर को युवा कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष रजत के नेतृत्व में सैकड़ों युवा डीएवी कॉलेज से सड़कों पर उतरे। उनका प्रदर्शन माल रोड, तलवार चौक, खालसा कॉलेज, रेलवे रोड से होता हुआ भगवान विश्वकर्मा चौक तक पहुंचा। यहां युवाओं ने करीब आधे घंटे तक चौक को जाम कर दिया और सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर सरकार से तत्काल न्याय की मांग की। इस दौरान माहौल पूरी तरह उग्र दिखाई दिया। रजत ने कहा कि शिक्षिका मनीषा की निर्मम हत्या ने पूरे हरियाणा की आत्मा को झकझोर दिया है। यह केवल एक परिवार का दर्द नहीं है, बल्कि पूरे समाज की चीख है।

हरियाणा में महिलाएं लगातार अपराधों की शिकार हो रही हैं और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं। यह केवल न्याय की लड़ाई नहीं, बल्कि बेटियों की अस्मिता और समाज के विश्वास की लड़ाई है।

### अंबाला में निकाला कैंडल मार्च

**अंबाला।** शिक्षिका मनीषा हत्याकांड को लेकर युवाओं ने अंबाला शहर के सेक्टर-10 से कैंडल मार्च निकालकर न्याय की मांग की। युवाओं ने सेक्टर-10 चौक से लेकर इंको चौक तक कैंडल मार्च निकाला। इससे पूर्व कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। युवक सोनी ने बताया कि शिक्षिका मनीषा को न्याय दिलाने के लिए यह मार्च निकाला गया। इस दौरान केशव, राहुल, सोनी, रविंद्र सिंह, प्रदीप सहित अन्य मौजूद रहे। मनीषा हत्याकांड को लेकर सर्वसमाज ने कैंडल मार्च निकाला। मार्च साढ़े छह बजे नगर खेड़ा से शुरू होकर अग्रसेन चौक पर समाप्त हुआ। इस दौरान मार्च में शामिल शहरवासियों व ग्रामीणों ने मनीषा को श्रद्धांजलि अर्पित की और पुलिस ने आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी की मांग भी की।

# ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ मुहिम में 11 वाहन इंपाउंड


पानीपत। ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाते हुए पुलिस।

- पुलिस ने 870 वाहन चालकों को जांचा, 30 के चालान किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत**

जिला पुलिस द्वारा सोमवार की रात को ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। इसके तहत जिला पुलिस की विभिन्न टीमों ने जगह-जगह पर नाकाबंदी कर 870 वाहन चालकों को चेक किया।

इनमें से नशे का सेवन करके वाहन चलाते मिले 30 वाहन चालकों के चालान किए गए। इसके साथ ही अत्याधिक शराब पीकर वाहन चला रहे 11 वाहन चालकों के वाहनों को इंपाउंड किया गया। इधर, डीएसपी ट्रैफिक सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पानीपत जिला में सड़क हादसों को रोकने और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दृष्टिगत यातायात पुलिस के साथ ही सभी थाना व चौकी प्रभारियों को शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाने के लिए निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत जिला पुलिस द्वारा सोमवार को रात्रि के समय मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत ड्रिंक एंड ड्राइव करके ट्रैफिक नियमों की उल्लघंना करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए।

# महिला की खरीद-फरोख्त झगड़े में तीन युवक काबू

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

- युवकों के बीच पैसों को लेकर झगड़ा

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित वाइन शॉप पर महिला को कस्टमर को सप्लाई करने को लेकर तीन युवकों में पैसो को लेकर झगड़ा हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तीनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें अदालत में पेस कर कार्रवाई शुरु कर दी।

जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 पुलिस थाने में तैनात उप निरीक्षक सतपाल सिंह ने बताया कि वह रात को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि सेक्टर-17 की वाइन शॉप के पास एक महिला को खरीद फरोख्त के लिए बुलाया गया है। सूचना मिलते ही वह टीम के साथ मौके पर पहुंचा। वहां पर उन्हें एक महिला व तीन युवक खड़े मिले। महिला ने बताया कि समर नामक युवक ने उसे फोन करके पंजाब से यमुनानगर बुलाया था। यहां पर उसे गांव लवाना निवासी रोहित व अमन मिले। आरोपियों ने उसे करनाल की न्यू प्रेम कॉलोनी निवासी झुजार सिंह को सप्लाई करना था। मगर उनकी पैसों को लेकर बात नहीं बनी। जिस कारण उनमें झगड़ा हो गया। पुलिस ने आरोपी रोहित, अमन व झुजार सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# सिलेंडरों से गैस चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

- मौके से किए 103 सिलेंडर बरामद

**अंबाला।** पुलिस ने एक रिहायशी मकान में घरेलू और कमर्शियल सिलेंडर से गैस चुराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दबिश दी तो मशीनों के सहारे एक सिलेंडर से दूसरे में गैस की सप्लाई की जा रही थी। कैंट के पटेल नगर से पुलिस ने मौके पर एक व्यक्ति को भी पकड़ा है।

पुलिस ने 103 सिलेंडर को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। अब पुलिस गिरोह के दूसरे सदस्यों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। आरोपी तीन मशीनों के जरिए सिलेंडरों से गैस की अलटा-पलटी कर रहा था। भरे हुए सिलेंडर से दो से तीन किलो गैस निकालने के बाद उसमें पानी भर रहा था। ताकि उपभोक्ता को तौलने पर भी चोरी का पता न चल सके। महेश नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जतिंद्र ने बताया कि सभी सिलेंडरों को जब्त किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फिलहाल एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ के बाद ही आगे के गिरोह का पता चल सकेगा।

# साहा में अवैध नशा मुक्ति केंद्र पर छापेमारी

- नशे की लत से मुक्ति दिलवाने के नाम पर हो रही मोटी वसूली
- 23 युवक रिहा करवाए, रेड के बाद नशा मुक्ति केंद्र का संचालक हुआ फरार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अवैध रुप से चल रहे एक नशा मुक्ति केंद्र से 23 युवाओं को रिहा करवाया गया। नशे से मुक्ति पाने के लिए रिहा युवक यहां केंद्र में भर्ती करवाए गए थे।

सूचना के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। नशे की लत में फंसे युवकों को रिहा करवाने की कार्रवाई देर रात तक चलती रही। फिलहाल नशा मुक्ति केंद्र के संचालक का पता नहीं चल सका है। पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम इसकी जांच कर रही है। दरअसल स्वास्थ्य विभाग की टीम को यह पता चला था कि साहा में एक अवैध नशा मुक्ति केंद्र चल रहा है। इसके बाद साहा पुलिस और


अंबाला। नशा मुक्ति केंद्र से रिहा करवाए गए युवक।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ये संयुक्त कार्रवाई की है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि नशा मुक्ति केंद्र पर नशे को छुड़ाने के लिए आने वाले लोगों से ये नशा छुड़ाने के नाम पर मोटी रकम वसूलते थे। इनके पास इस समय 23 युवक थे। जो अपना इलाज कराने के लिए यहां भर्ती थे।

अभी तक केंद्र से जांच टीम को केंद्र के मान्य होने से जुड़ा कोई दस्तावेज नहीं मिला है। जांच टीम रेड के बाद फरार संचालक को तलाश कर रही है।

# ग्लोब हेरिटेज के खिलाड़ियों ने कराटे में जीते 4 स्वर्ण और 4 रजत पदक

- कुरुक्षेत्र में हुई राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर**

ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर स्कूल का परचम लहराया।

खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल के खिलाड़ियों ने 4 स्वर्ण व 4 रजत पदकों के साथ कुल 8 पदक जीते। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में अमृतपाल सिंह, सार्थक, कुणाल व



यमुनानगर। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में विजेता खिलाड़ियों का स्वागत करते स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

मयंक मेहता ने स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं भगत राम, रेहान, एरिक व रमनीत ने रजत पदक जीता। स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्र अमृतपाल सिंह को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चैंपियनशिप का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार दिया गया। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वे सभी बधाई के पात्र हैं।

# हमला कर 42 हजार निकालने वाले युवक को दस साल की कैद

**अंबाला।** सेशन जज कंचन माही की अदालत ने छीनाझपटी के मामले में दोषी करार सेक्टर 10 के गौरव सिंगला को दस साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 25,000 रुपये का जुर्माना भी ठोका है।

जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को 60 दिनों की अतिरिक्त कैद काटनी होगी। रामनगर के योगेश सहगल ने पुलिस को बताया कि वह 12 दिसंबर 2021 को वह निजी कार्य से सेक्टर 9 में आया था। वह दुकान पर सामान ले रहा था। तभी एक्टिवा पर सवार तीन लड़के गौरव, सुशील और संदीप आ गए। इसी दौरान एक्टिवा पर सवार लड़कों ने उसे मारना शुरू कर दिया। आरोपियों ने उसकी जींस से 42 हजार रुपये भी निकाल लिए थे। इसके बाद आरोपी फरार हो गए।

# खेतों में पानी घुसने से किसानों ने हाइवे किया जाम

- पुलिस ने मुश्किल से किसानों को समझाकर खुलवाया जाम
- बरसाती नदियों में आ रहा पानी ग्रामीणों के लिए बन रहा आफत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| साहा**

नदी का पानी खेत में घुसने पर किसानों ने साहा- शहजादपुर राजमार्ग पर ट्रैक्टर खड़ा कर जाम लगा दिया। इस दौरान राजमार्ग पर दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची साहा थाने की पुलिस ने किसान को समझाया और मार्ग खुलवाया।

करीब 15 मिनट बाद इस राजमार्ग पर यातायात सुचारू हो सका। इस दौरान किसान गांव के सरपंच ने स्थानीय प्रशासन पर बार-बार उनके खेत की मिट्टी हटाने का आरोप लगाते नजर आए। जबकि दूसरी तरफ बाढ़ का पानी राजमार्ग पर न


अंबाला। बेगना नदी के जलस्तर का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

आए और गांव से निकल सके, इसके लिए अस्थाई तौर पर राजमार्ग के पास जेसीबी से अस्थाई नाला बनाने का कार्य किया जा रहा था।

### नदी में तेज हो रहा बहाव

मारकंडा नदी का जलस्तर में निरंतर बदलाव हो रहा है। पहाड़ों में हो रही बरसात से नदी का जलस्तर कभी घट जाता है तो कभी बढ़ जाता है। हालाकि बेगना नदी उफान पर होने के कारण क्षेत्र के लिए आफत बन गई। किनारों से ऊपर बहता पानी खेतों में घुस गया और कई मार्ग जलभराव की चपेट में आए। पंचकूला से यमुनानगर (एनएच 344) पर कालपी फ्लाईओवर से ब्राह्मणमाजरा, लिंक मार्ग नहौनी–टमनौली मार्ग, साहा–नहौनी फ्लाईओवर की सर्विस लेन, ब्राह्मण माजरा–नहौनी सड़क और गोला–टमनौली मार्ग के ऊपर से काफी तेज बहाव से पानी बह रहा है। प्रशासन को ट्रैफिक एक ही लेन से चलाना पड़ा। राजमार्ग के किनारे बने ढाबे और दुकानें में भी पानी घुसता नजर आया। खेतों में भरे पानी ने फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।

### मारकंडा में उतरा पानी

उधर मारकंडा नदी इस सीजन के अपने अधिकतम स्तर 10.9 फीट 54,400 क्यूसिक तक पहुंच गई थी। बाद में जलस्तर घटकर 9.6 फीट 46,700 क्यूसिक पर आया, लेकिन कुछ देर बाद यह फिर से बढ़कर 10.5 फीट 52,000 क्यूसिक हो गया। देर रात से पानी उतरने लगा और सोमवार सुबह 11 बजे 7.5 फीट करीब 31,000 क्यूसिक दर्ज किया गया।

## 22 को सुबह 11:55 बजे से 23 को 11:35 तक रहेगी अमावस्या

# शिवयोग में शनिश्चरी अमावस्या का अद्भुत संयोग

- भगवान शनि की पूजा के लिए समर्पित माना जाता है यह दिन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

शनि अमावस्या हिंदू पंचांग में एक महत्वपूर्ण दिन है।

यह दिन भगवान शनि की पूजा के लिए समर्पित है, जो अपने कर्म, अनुशासन, कठिनाइयों और जीवन में संरचना के प्रतीक माने जाते हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करनी चाहिए और उनका आशीर्वाद प्राप्त करना चाहिए। गायत्री ज्योतिष अनुसंधान केंद्र कुरुक्षेत्र के संचालक डॉ. रामराज कौशिक ने बताया कि यह दिन आत्मनिरीक्षण, आध्यात्मिक शुद्धि और जीवन की सभी बाधाओं को दूर करने के लिए आशीर्वाद प्राप्त करने का एक शक्तिशाली काल माना जाता है। इस शुभ अवसर पर, बड़ी संख्या में भक्त गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान और ध्यान करते हैं।

### शनैश्चरी अमावस्या शुभ मुहूर्त


डा. रामराज कौशिक।

वैदिक पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास की अमावस्या तिथि 22 अगस्त से प्रारंभ होगी और 23 अगस्त को समाप्त होगी। सनातन धर्म में उदया तिथि से गणना की जाती है, इसलिए भाद्रपद अमावस्या 23 अगस्त को मनाई जाएगी। शनिश्चरी अमावस्या तिथि 22 अगस्त को सुबह 11:55 बजे शुरू होगी और 23 अगस्त को सुबह 11:35 बजे समाप्त होगी।

### शिवयोग में करें भगवान शंकर का रुद्राभिषेक

इस वर्ष शनिश्चरी अमावस्या पर शिव योग भी रहेगा। शनिश्चरी अमावस्या पर शिव योग रात्रि 12:54 बजे तक है। इससे पहले परिघ योग रहेगा। परिघ योग दोपहर 01:20 बजे समाप्त होगा।

इसी योग में भगवान शिव की पूजा की जाएगी। शिवयोग में भगवान शंकर पर रुद्राभिषेक करने से शनि से संबंधित सभी प्रकार के दोष खत्म हो जाते हैं और शनि शांति होती है इस योग में गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करने से पाप ग्रहों का प्रभाव कम हो जाता है।

# झगड़े में दो नाबालिग सहित 5 गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र**

- कुबेर कॉलोनी में हुई मारपीट मामले में दोनों पक्षों के पांच आरोपियों को भेजा जेल

जिला पुलिस ने कुबेर कॉलोनी में हुई मारपीट व जानलेवा हमला करने के मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। थाना कृष्णा गेट पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामले दर्ज करके दोनों पक्षों के दो नाबालिग सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

राजेन्द्र कुमार वासी कुबेर कॉलोनी थानेसर ने बताया कि उसका लड़का 13 अगस्त शाम को मोटरसाइकिल से घर आ रहा था। रास्ते में कृष व शुभम ने उसका रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज की। विरोध करने पर उन्होंने उसके साथ हाथापाई शुरू कर दी। किसी तरह वह उनसे बचकर घर आ गया। कुछ समय बाद 2 मोटरसाइकिलों पर कृष व राहुल कुछ लडकों के साथ डंडे-बिंडे व तलवार लेकर उसके घर आ गये। और उन पर हमला कर दिया। उसके परिवार वालों को काफी चोटें आई। उनके शौर मचाने पर वह उनकों जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गये। वहीं दूसरे पक्ष की महिला अंजलि माता ने भी राजेन्द्र व राहुल वासीयान कुबेर कॉलोनी के खिलाफ उसके लड़के के साथ मारपीट करने की शिकायत दी थी। पुलिस ने मामले के आरोपी शुभम वासी खेलन जिला मोहाली पंजाब, कुबेर कॉलोनी वासी व बिंद्रा कॉलोनी पटियाला वासी नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया।

वहीं दूसरे पक्ष की शिकायत पर आरोपी राजेन्द्र व राहुल वासीयान कुबेर कॉलोनी थानेसर भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया। माननीय अदालत के आदेश से आरोपी शुभम, राजेन्द्र व राहुल को कारागार व दोनों नाबालिग आरोपियों को बाल सुधारगृह मधुबन भेज दिया।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से स्कूटी सवार मां-बेटी घायल

**यमुनानगर।** शहर के कन्हैया साहिब चौक के पास ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर लगने से स्कूटी सवार मां-बेटी घायल हो गई। दोनों घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। इंद्र लोक स्ट्रीट यमुनानगर निवासी सौरभ वासन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी श्रृष्टि व उसकी लड़की आविका रात पौने आठ बजे स्कूटी पर किसी काम से आ रहे थे। जब वह कन्हैया साहिब चौक के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी।

### बाइकर्स ने महिला के हाथ से छीना पर्स

**यमुनानगर।** जगाधरी के विश्व भारती पब्लिक स्कूल के पास बाइक सवार युवक ने महिला के हाथ से पर्स छीन लिया। पर्स में तीन हजार रुपये, चैक बुक व अन्य सामान था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर-18 पार्ट टू निवासी वंदना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 18 अगस्त को दोपहर ढ़ाई बजे किसी काम से जा रही थी। उसके हाथ में पर्स था। जिसमें तीन हजार रुपये, पानी की बोतल, टिफिन, नोट बुक व अन्य सामान था। जब वह विश्व भारती पब्लिक स्कूल के पास पहुंची तो बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। जब तक वह कुछ समझ पाती आरोपी युवक ने उसके हाथ से उसका पर्स झपट लिया।

### अवैध देसी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू टीम ने गांव जडौदी के पास से एक युवक को अवैध देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार सीआईए टू पुलिस टीम में तैनात राजीव कुमार ने बताया कि वह टीम के साथ देर शाम गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि गांव जडौदी के पास एक युवक अवैध हथियार के साथ घूम रहा है। आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देसी कट्टा बरामद हुआ।

### तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को

**यमुनानगर।** तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 सितंबर को जिला न्यायालय परिसर में आयोजित की जाएगी। जिसमें दोनों पक्षों की आपसी सहमति से मामलों का निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुमित्रा कादियान ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक मामले, धारा-138 के तहत एनआई एक्ट के मामले, बैंक रिकवरी केस, एमएसीटी मामले, वैवाहिक विवाद मामले, श्रम विवाद मामले, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी से संबंधित मामले, गैर सम्मन योग्य मामलों को छोड़कर वेतन और भत्ते तथा पुनः परीक्षण लाभ से संबंधित सेवा मामले और राजस्व व अन्य मामले जो कि सुलझाने योग्य हैं।

### मंदिर से मुकुट, मूर्तियां घंटी व अन्य सामान चोरी

**यमुनानगर।** प्रतापनगर थाना क्षेत्र के गांव बहादूरपुर में चोरों ने यमुना मंदिर को निशाना बनाकर चांदी के मुकुट, घंटी, मूर्तियों के आभूषण व पांच दानपात्रों समेत करीब दो लाख रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव बहादूरपुर निवासी पंडित बाबूराम ने प्रतापनगर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांववासियों द्वारा यमुना नदी के तट पर यमुना मंदिर बनाया हुआ है। यहां पर प्रतिदिन गंगा आरती की तर्ज पर यमुना आरती होती है। 17 को श्रद्धालु पूजा अर्चना करने के बाद अपने घर चले गए थे।

---

**जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में हुआ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन**

# विद्यार्थियों को दी एंटी रैगिंग अभियान के तहत जानकारी

- छात्रों को हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से घटना की रिपोर्ट करने या समर्पित एंटी रैगिंग दस्ते को सूचित करने के लिए प्रोत्साहित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर



**यमुनानगर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को जागरूकता बढ़ाने और रैगिंग मुक्त कैंपस वातावरण को बढ़ावा देने के लिए व्यापक एंटी रैगिंग अभियान का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों को रैगिंग के हानिकारक प्रभावों और परिसर समुदाय के भीतर आपसी सम्मान के महत्व के बारे में शिक्षित करने के उद्देश्य से आकर्षक गतिविधियों की एक श्रृंखला शामिल रही। मौके पर विद्यार्थियों ने एंटी रैगिंग पोस्टर भी बनाकर सभी को जागरूक किया।

संस्थान के निदेशक डॉ.एस के गर्ग ने नवप्रवेशित बीटेक, बीबीए, बीसीए छात्रों को संबोधित करते हुए संस्थान की सख्त रैगिंग विरोधी नीतियों और सुरक्षा और समावेशिता की संस्कृति को बनाए रखने के लिए छात्रों और शिक्षकों की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को अपने साथियों का समर्थन करने और सतर्क रहने के लिए प्रोत्साहित किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी इस तरह के व्यवहार का शिकार न हो। ओरिएंटेशन के दौरान एक सूचनात्मक सत्र आयोजित किया गया जहां एंटी रैगिंग मुख्य समन्वयक डॉ.विकास भारद्वाज ने रैगिंग के कानूनी प्रभावों और ऐसे मुद्दों का सामना करने वाले छात्रों के लिए उपलब्ध सहायता प्रणालियों पर चर्चा की। रैगिंग विरोधी संदेश को और बढ़ावा देने के लिए, छात्रों ने अपने कॉलेज को रैगिंग मुक्त रखने व भाईचारे और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने के अपने संकल्प की पुष्टि करते हुए शपथ ली। एंटी रैगिंग कमेटी ने छात्रों को रैगिंग के प्रति कॉलेज की शून्य सहिष्णुता नीति के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को हेल्पलाइन नंबरों के माध्यम से किसी भी घटना की रिपोर्ट करने या समर्पित एंटी रैगिंग दस्ते को सूचित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर 31 अगस्त तक किसान कर सकते हैं पंजीकरण: उपायुक्त

**यमुनानगर।** हरियाणा सरकार द्वारा मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसलों के पंजीकरण की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। अब किसान 31 अगस्त तक पोर्टल पर अपनी फसल का पंजीकरण करवा सकते हैं।



जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने मंगलवार को जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान का पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीकृत किसान से ही केवल फसल खरीदी जाएगी। ऐसे में किसान को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने व फसलों को सरकार द्वारा निर्धारित दाम पर बेचने के लिए जरूरी है कि जिला के किसान पोर्टल पर अपनी बोई गई खरीफ फसल का ब्यौरा दर्ज कराने का पंजीकरण अवश्य करवाएं। किसान की ओर से पोर्टल पर दर्शाई गई फसल का भौतिक सत्यापन भी करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार के पास सभी किसानों का ब्योरा आने के बाद उन्हें मंडी में बुलाना आसान हो जाता है।

---

**भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक पार्टी के कार्यालय में हुई**

# संगठन को बूथ स्तर पर अधिक सशक्त बनाने में नहीं रहने देंगे कोई कमी: सपरा

- भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की बैठक की अध्यक्षता
- कार्यकर्ताओं को संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने का आहवान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



**यमुनानगर।** आयोजित भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक का दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारंभ करते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकाारिणी की बैठक जगाधरी के हुड्डा सेक्टर-17 स्थित पार्टी के जिला कार्यालय यमुना कमल में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। इस दौरान जिला कार्यकारिणी की बैठक में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा समेत पार्टी के सभी मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बैठक में सबसे पहले अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित किए गए तमाम सांगठनिक कार्यों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। वह आज विश्व की सबसे पार्टी के जिला अध्यक्ष होने के नाते जिला कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि वह जिला संगठन को विस्तार देने एवं बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक सशक्त करने में कोई कमी नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को भाजपा संगठन को बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक मजबूत करने के लिए आहवान किया। मौके पर हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने बैठक में प्रदेश सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार किसानो, महिलाओं व युवाओ सहित समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए दिन रात काम कर रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि कांग्रेस शासन में देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो चुकी थी। 2014 में केंद्र में मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनने के बाद देश की अर्थव्यवस्था को नई गति मिली और भारत दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। वहीं, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का मान सम्मान बढ़ा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आत्मनिर्भरता के मामले में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है।

**ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर पूर्व चेयरपर्सन रोजी मलिक आंनद व मेयर सुमन बहमनी ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। बैठक में पूर्व चेयरमैन मेहर चंद गहलोत, पूर्व विधायक ईश्वर पलाका , पूर्व विधायक बलवंत सिंह, प्रदेश आईटी प्रमुख आदित्य चावला व जिला परिषद चेयरमैन रमेश कुमार ठसका, जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा व जिला महामंत्री प्रवीण खदरी, जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

---



**यमुनानगर।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के बच्चे। फोटो : हरिभूमि

**न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने प्रस्तुत किए कार्यक्रम**

# बच्चों ने नुक्कड़ नाटक से क्रांतिकारियों की शौर्य गाथाओं को किया प्रस्तुत

- बच्चों ने दमदार प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया और वातावरण देशभक्ति से भर गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर के बच्चों ने कला एवं सांस्कृतिक विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शहर में रंगमंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने हर घर तिरंगा नुक्कड़ नाटक का मंचन कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस नुक्कड़ नाटक का निर्देशन नीरज द्वारा किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने बताया कि नाटक में स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों की शौर्य गाथाओं को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इसमें दिखाया गया कि कैसे मंगल पांडे द्वारा प्रज्वलित क्रांति की मशाल को रानी लक्ष्मीबाई, लाला लाजपत राय, चंद्रशेखर आजाद, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव तथा महात्मा गांधी जैसे वीर सपूतों ने आगे बढ़ाकर देश को आजादी दिलाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बच्चों ने अपनी दमदार प्रस्तुति से उपस्थित दर्शकों को भावविभोर कर दिया और वातावरण देशभक्ति से भर गया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, त्याग और बलिदान की भावना जागृत करते हैं। उन्होंने बच्चों को आह्वान किया कि वह स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश के विकास में योगदान दें। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन जीएस शर्मा ने कहा कि बच्चों ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देकर हमारे देश के वीर शहीदों को याद कर उन्हें नमन करके अपनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने बच्चों द्वारा दिखाई प्रतिभा की प्रशंसा की।

---

# नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं शादीपुर के लोग: त्यागी

**सड़कों व गलियों में दो से तीन फुट जलभराव से लोग हुए परेशान**

- यमुनानगर विस से प्रत्याशी रहे रमन त्यागी ने भाजपा सरकार पर लगाया शादीपुर में विकास कार्यों में अनदेखी करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶। यमुनानगर



**यमुनानगर।** शादीपुर में जलभराव के कारण तालाब का रुप ले चुकी सड़क पर भरे पानी को दिखाते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रमन त्यागी।

ट्विन सिटी से पूरी तरह सटे हुए गांव शादीपुर में पानी निकासी के इंतजाम नहीं होने से सड़कों व गलियों में दो से तीन फुट पानी भरा होने से लोग परेशान हैं। आलम यह है कि जलभराव होने से शादीपुर के लोग नारकीय जीवन जीने को मजबूर हो रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस के यमुनानगर विधानसभा से प्रत्याशी रहे एवं पूर्व जिला अध्यक्ष रमन त्यागी ने शादीपुर गांव का दौरा कर जलभराव का जायजा लिया। उन्होंने भाजपा सरकार पर विकास कार्य करने के नाम पर जनता को गुमराह करने का आरोप लगाया। कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी रमन त्यागी ने कहा कि जिले के शादीपुर समेत पूरे क्षेत्र में हर बरसात के मौसम में सड़कों व नीचले इलाकों में कई कई दिन दो से तीन फुट पानी भरा रहने से जनजीवन प्रभावित होता है। इस समस्या से पिछले कई वर्षों से लोग जूझ रहे हैं। शादीपुर में सड़कों व गलियों में भरे पानी की समस्या के बारे में कहा कि प्रदेश सरकार और नगर निगम यमुनानगर विकास कार्य करने के दावे कर रहा है। मगर सच्चाई तो यह है कि हकीकत में विकास कार्य नहीं हो रहे हैं और जनता परेशानियां झेलने को मजबूर हो रही है। विकास के दावे बयानबाजी तक और उद्घाटन व शिलान्यास तक ही सीमित हैं। कांग्रेस नेता रमन त्यागी व स्थानीय लोगों ने कहा कि जैसे ही थोड़ी सी बारिश होती है तो गलियां नालों में तब्दील हो जाती हैं।



**रादौर।** गांव कुंजल जाटान आयोजित कार्यक्रम में बोलते मुख्यवक्ता।

### करनैल सिंह राठी बने अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान

**रादौर।** अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से मंगलवार को गांव कुंजल जाटान में कमेटी के त्रिवार्षिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करनैल सिंह राठी ने की। सम्मेलन में सात सदस्यों की कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सर्वसम्मति से करनैल सिंह राठी को प्रधान नियुक्त किया गया। कमेटी में दर्शन लाल को सचिव, कुलवंत सिंह को कोषाध्यक्ष, अवतार सिंह को वरिष्ट उपप्रधान, धर्मपाल को उपप्रधान, दर्शन लाल को संगठन सचिव, फूल सिंह को सहसचिव नियुक्त किया गया। नवनियुक्त प्रधान करनैल सिंह राठी ने अपनी नियुक्ति के लिए पदाधिकारियों का आभार जताया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलवाकर कार्यभार सौंपा गया। किसान सभा के कोषाध्यक्ष प्यारे लाल तंवर ने कहा कि केन्द्र सरकार न तो स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट लागू कर रही है और न ही किसान को न्यूनतम समर्थन मूल्य दे रही है। अभी जो अमरीका ने देश पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, उससे देश की खेती व किसान पूरी तरह से बर्बाद हो जाएगा। इसलिए किसान सभा मांग कर रही है कि यह समझौता रद करो और नई बजार नीति भी खेती को बर्बाद करेगी।



**यमुनानगर।** निर्मल अस्पताल में नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक।

### आधुनिक जीवनशैली में बढ़ रही हैं शुगर सांस व दिल की बीमारियां: डॉ. निर्मल

**यमुनानगर।** शहर के रादौर मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल में मंगलवार को शुगर, दमा, अस्थमा, सांस और हृदय के रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। खास बात यह है कि शिविर में सांस और दमा के मरीजों की स्पाइरोमीटर से जांच विशेषज्ञ दीपक भाटिया द्वारा की गई। इसके अलावा शुगर, बीपी और दिल की बीमारियों की भी जांच कर मरीजों को उचित परामर्श दिया गया। शिविर में 180 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां दी गई। शिविर में अस्पताल के अस्थमा रोग विशेषज्ञ एवं वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. निर्मल सिंह व अन्य चिकित्सकों की टीम ने 180 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। जिनमें अधिकांश लोगों को अस्थमा, शुगर, सांस, दमा व हृदय रोग का शिकार पाया गया। मौके पर डॉ. निर्मल सिंह ने मरीजों को रोगों के उपचार और स्वस्थ रहने के लिए उपाय बताए। डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि वह पिछले लगातार 15 वर्षों से ऐसे निःशुल्क मेडिकल शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। उनका उद्देश्य हमेशा यही रहा है कि समाज के जरूरतमंद वर्ग को समय पर सही जांच और इलाज मिले। ताकि लोग गंभीर बीमारियों से बच सकें।

---



**यमुनानगर।** बिलासपुर में ट्यूबवेल की क्लोरिनेशन चेक करते अधिकारी।

### बारिश के मौसम में पीने के पानी संबंधित सतर्कता बहुत जरूरी: रजनी

**यमुनानगर।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा मंगलवार को बिलासपुर में जल संरक्षण एवं जल की गुणवत्ता को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता जूनियर इंजीनियर राजवीर सिंह ने की। सरपंच प्रतिनिधि पंकज खुराना भी उपस्थित थे। जिला सलाहकार रजनी गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि जल अनमोल है। जल की एक-एक बूंद कीमती है। इसका समझदारी से प्रयोग करें और बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए वर्षा जल का संचयन करें। क्योंकि वर्षा का जल अमृत के समान होता है। उन्होंने जल संरक्षण के साथ-साथ विशेष रूप से साफ सफाई के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पानी को उबालकर ठंडा करके पीये। 80 प्रतिशत जल जनित बीमारी डायरिया, उल्टी, दस्त, हैजा दूषित पानी की वजह से होते हैं। बारिश के मौसम में पीने के पानी संबंधित सतर्कता बहुत जरूरी है। उन्होंने पानी में क्लोरीन टेस्ट करने की विधि की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर जूनियर इंजीनियर राजबीर सिंह, बीआरसी राजबीर सिंह, सतीश कुमार, दिनेश सिंह, संगम कुमार, प्रदीप कुमार व गुरमेल सिंह आदि मौजूद थे।

**जांचा** रादौर के एसडीएम नरेंद्र कुमार ने किया राजकीय विद्यालय अलाहर का निरीक्षण

# पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी : एसडीएम

**स्कूल के विभिन्न कार्यों एवं सालाना गतिविधियों का निरीक्षण किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रादौर



**यमुनानगर।** राजकीय स्कूल अलाहर में निरीक्षण के दौरान बच्चों से बातचीत करते रादौर के एसडीएम।

एसडीएम रादौर नरेंद्र कुमार ने मंगलवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल का हाजिरी रजिस्टर भी चेक किया। जिसमें सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित पाए गए। मौके पर उन्होंने बच्चों से भी बातचीत कर उन्हें जीवन मूल्यों की विस्तार से जानकारी दी।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान स्कूल में अनुशासन का भी आंकलन किया। साथ ही स्वच्छता के अलावा स्कूल के विभिन्न कार्यों एवं सालाना गतिविधियों का बारीकी से निरीक्षण किया। जैसे लीगल लिटरेसी, एनएमएमएस, इंस्पायर अवार्ड, स्काउट एंड गाइड्स एक्टिविटी, स्कूल के रिजल्ट, सांस्कृतिक व गीता जयंती समारोह में भागीदार विज्ञान गतिविधियों में होने वाली भागीदारी के बारे में विशेष चर्चा की। वहीं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं के बारे में जाना। एसडीएम ने 12वीं कक्षा के बच्चों के साथ बड़े खुले मन से अनेक विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने जीवन संबंधी लाइफ स्किल्स के बारे में बहुत शानदार तरीके से बताया। उन्होंने बच्चों को 12वीं कक्षा के बाद कौन-कौन से क्षेत्र उनके लिए बेहतर हो सकते हैं, उसके बारे में मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ आत्मविश्वास होना बहुत जरूरी है। बिना आत्मविश्वास के कोई भी व्यक्ति चाहे वह कितने भी अधिक अंकों से पास हो गया हो यदि वह आत्मविश्वास से परिपूर्ण नहीं है तो वह जिंदगी में अपने मुकाम पर नहीं पहुंच सकता। जो उसने निर्धारित किया हो जीवन में आगे बढ़ाने के लिए आत्मविश्वास और अनुशासन की मेहता को बताया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसीपल मुकेश रोहिल, रिशु गुप्ता, भगवती शर्मा, प्रमोद, विपिन व संजीव कुमार समेत स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

# जीत-हार के गणित में मत उलझो, जज्बा जिंदा रहना चाहिए : महाबीर प्रसाद

- कुवि मीडिया शिक्षण संस्थान ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर आयोजित की प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि जीत और हार के गणित में उलझने की आवश्यकता नहीं है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जीतने का जज्बा कभी मरना नहीं चाहिए। उस जज्बे को जिंदा रखने का संकल्प हर विद्यार्थी के भीतर होना चाहिए। वे मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू जनसंचार व मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में विश्व फोटोग्राफी दिवस पर आयोजित फोटोग्राफी प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि संस्थान ने विश्वविद्यालय परिसर की सुंदरता विषय पर फोटो प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।



**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त महाबीर प्रसाद को स्मृति चिह्न भेंट करते प्रो. महासिंह पूनिया व प्रो. विवेक चावला।

## फोटोग्राफी के माध्यम से दिखी कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की अनदेखी सुंदरता

### अनोखी तस्वीरों से दर्शक हैरान

उपायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों द्वारा खींची गई तस्वीरें देखकर वे अभिभूत हुए। कई तस्वीरें गहरे भाव और संवेदना से भरी हुई थीं। कुछ अनोखी तस्वीरों ने दर्शकों को हैरान कर दिया कि जिस सुंदरता को लोग वर्षों में नहीं देख पाए, विद्यार्थियों ने उसे नए दृष्टिकोण से प्रस्तुत कर दिखाया। उन्होंने कहा कि यह युग प्रतिस्पर्धा का युग है और विद्यार्थियों को अपने कौशल को निरंतर निखारना होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की और प्रदर्शनी को अत्यंत प्रभावशाली बताया। संस्थान निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि उपायुक्त महाबीर प्रसाद ने एक योग्य और कर्मठ प्रशासनिक अधिकारी के रूप में प्रदेश में अपनी अलग पहचान बनाई है। विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उन्होंने अपने व्यस्त समय में से संस्थान को समय दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान लगातार ऐसे आयोजन करता रहेगा, जिससे विद्यार्थियों को अधिक प्रैक्टिकल अनुभव प्राप्त हो।

### प्रतियोगिता में छात्रा संजना रही प्रथम

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक विवेक चावला ने भी इस प्रयास को शत-प्रतिशत सफल बताया। वरिष्ठ इतिहासकार व फोटोग्राफर रणवीर सिंह फोगाट, केयू ललित कला विभाग के डॉ. पवन तथा डॉ. आनन्द जायसवाल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। परिणाम घोषणा के बाद उन्होंने विद्यार्थियों को फोटोग्राफी कला में बेहतर प्रदर्शन के टिप्स भी दिए। डॉ. रोशन मस्ताना ने कार्यक्रम के समन्वयक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में फाइन आर्ट विभाग की चतुर्थ वर्ष की छात्रा संजना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं भूगोल विभाग की प्रथम वर्ष की छात्रा अंजली को द्वितीय तथा ललित कला विभाग के मोहित को तृतीय स्थान मिला। इस अवसर पर संस्थान शिक्षक डॉ. मधुदीप सिंह, डॉ. आबिद अली, रोमा सिंह, डॉ. तपेश किरण, डॉ. प्रदीप राय, डॉ. अभिनव कटारिया, राहुल अरोड़ा, मोनिका दुआ, सचिन वर्मा, अमित जांगड़ा, राकेश कुमार, कंचन शर्मा, रीतु, सुनीता, गौरव व टेक्नीकल स्टाफ से कंवरदीप, सतीश राणा व राजेश शर्मा उपस्थित थे।

### डीसी ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान में पहुंचे कुरुक्षेत्र जिला उपायुक्त महाबीर प्रसाद, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल सहित संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने संस्थान के प्रांगण में पौधारोपण किया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समय की मांग है। यदि हम प्रकृति की रक्षा करेंगे, तभी प्रकृति हमारी रक्षा करेगी। अतः यह समय की मांग है कि हम सभी मिलकर अपने कर्तव्यों का पालन करें।

## खबर संक्षेप



### खाटू श्याम के भजनों पर जमकर झूमे भक्त

**कुरुक्षेत्र।** श्याम जगत की अग्रणी संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र द्वारा महादेव मोहल्ला स्थित गौरीशंकर मंदिर में 552वां श्रीश्याम संकीर्तन आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक मधु वालिया परिवार ने श्याम पूजन में हिस्सा लिया। इस संकीर्तन में श्याम प्रेमियों ने भजनों के साथ-साथ ताली बजाते हुए हाजिरी लगाई। कार्यक्रम में गायक गौरव शान ने मधुर भजनों से समां बांधा।

### एंटी रैगिंग व नशा मुक्ति को लेकर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू इतिहास विभाग में एंटी रैगिंग सप्ताह व नशा मुक्त भारत अभियान में विभागाध्यक्ष डॉ. धर्मबीर व विभाग के प्रो. एसके चहल द्वारा छात्रों को एंटी रैगिंग तथा नशा मुक्ति पर व्याख्यान देते हुए कहा कि रैगिंग एक दंडनीय अपराध है। वहीं विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा जिला कार्यालय गीता कमल में भाजपा की जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री कृष्ण बेदी ने केंद्र सरकार की नीतियों पर अपना विषय रखा। बैठक के प्रथम सत्र में संगठन से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष तजेंद्र सिंह गोल्डी ने की। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आत्म प्रकाश मनचंदा, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, शाहबाद विधानसभा प्रत्याशी रहे सुभाष कलसाना, जय भगवान शर्मा डीडी, उपाध्यक्ष धूमन सिंह, आदि ने भी अपना विषय रखा।

## बरसाती पानी निकासी के दावों की खुली पोल, जलभराव में फंसे वाहन

# एक घंटे की झमाझम बारिश से सड़कें हुई जलमग्न, लोगों की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिले में मंगलवार को दोपहर में एक घंटा हुई झमाझम बारिश के साथ शहर से बरसाती पानी निकासी के दावे भी बारिश के साथ बह गए। शहर में विभिन्न मार्गो पर पर बारिश का पानी जमा हो गया। सड़कें बरसाती नालों में बदल गए। कुछ इलाकों में बरसाती पानी घरों में घुस गया। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। हालांकि बारिश से फसलों को फायदा पहुंचा है। बारिश के साथ शहर की पानी निकासी की व्यवस्था भी चौपट हो गई। बारिश के कारण दोपहर को स्कूलों की छुट्टी के समय बच्चें भीगते हुए अपने-अपने घर पहुंचे। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव होने के कारण कई वाहन पानी के बीच में ही फस गए और कई वाहन खराब हो गए। मेन बाजार में निकासी की व्यवस्था न होने के कारण नालियों का पानी भी सड़कों पर जमा हो गया। इस कारण बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को खासी परेशानी हुई। गांधी नगर, रोटरी चौक, महाराणा प्रताप चौक, देवीलाल चौक, श्रद्धानंद चौक, सेक्ट 17, पुराना बस अड्डा के समीप सड़क पर बरसाती पानी जमा हो गया। बारिश के दौरान लबालब पानी से भरी सड़कों पर काफी संख्या में कार -दुपहिया वाहन फंस गए। बरसात के बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। बारिश के कारण सड़कों पर पानी भरने से जहां आम जनजीवन परेशान रहा तो वहीं दूसरी ओर नगर में प्रवाहित होने वाले नाले पानी से लबालब हो गए। इससे नालों का गंदा पानी सड़कों पर पसर गया। इस कारण लोगों को आवागमन में भारी दुश्वारियां का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण नगर के विभिन्न मार्ग जलमग्न हो गए।



**कुरुक्षेत्र।** थीम पार्क के समीप सड़क पर जमा बारिश का पानी और बारिश में गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### बरसात से तापमान में आई गिरावट

मंगलवार को सुबह आसमान में तेज धूप निकलने चलते लोग उमस भरी गर्मी से परेशान थे। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे आसमान में अचानक काले बादल छा गए। दोपहर एक बजे से लेकर दो बजे तक एक घंटा लगातार हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। मंगलवार को अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## मनीषा मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर किया प्रदर्शन


**कुरुक्षेत्र।** प्रदर्शन करते जनसंघर्ष मंच हरियाणा के सदस्यगण।

- जन संघर्ष मंच हरियाणा ने जताया रोष, सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भिवानी-लोहारू क्षेत्र के मनीषा मामले की निष्पक्ष जांच कराने एवं मनीषा को न्याय दिलाने के लिए जन संघर्ष मंच हरियाणा की ओर से डीसी ऑफिस कुरूक्षेत्र पर प्रदर्शन किया गया व एक ज्ञापन मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के नाम मार्फत उपायुक्त महोदय कुरुक्षेत्र को सोंपा गया, जिसे डीसी की सुपरीटेंडेंट गीता सैनी ने प्राप्त किया। इससे पूर्व जन संघर्ष मंच हरियाणा के कार्यकर्ता पंचायत भवन कुरूक्षेत्र पर इकट्ठा हुए और वहां से मनीषा मामले की सी.बी. आई. से निष्पक्ष जांच करवाने, मनीषा को न्याय दिलाने व इस मामले में संवेदनहीनता व आपराधिक लापरवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, अपराधियों को गिरफ्तार करने आदि मांगों के नारे लगाते हुए जुलूस की शक्ल में डीसी ऑफिस कुरूक्षेत्र पर पहुंचे और रोष प्रदर्शन किया गया व धरना दिया गया। प्रदर्शनकारियों को मंच की महासचिव सुदेश कुमारी, मंच नेत्री चंद्र रेखा , उषा कुमारी, छात्र नेता कविता विद्रोही, मनरेगा मजदूर यूनियन के नेता सोमनाथ, मंच साथी मीत ने संबोधित किया।

### ये है मांगें

मांग की कि मनीषा मामले में दूध का दूध और पानी का पानी करने के लिए सीबीआई से निष्पक्ष गहन जांच करवाई जाए ताकि प्रदेश की जनता खासकर महिलाएं आश्वस्त हो सके कि इस घटना की प्रकृति क्या है। उन्होंने यह भी मांग की कि पुलिस को महिलाओं के प्रति संवेदनशील बनाया जाए और इस मामले में आपराधिक लापरवाही के जिम्मेदार पुलिस प्रशासन के अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए। महिलाओं की सुरक्षा की गारंटी की जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके उचित इंतजाम किए जाएं।

## शिक्षा महाकुम्भ सामाजिक चेतना और राष्ट्रीय एकता का सशक्त माध्यम : महाबीर

- केयू यूआईईटी संस्थान में शिक्षा महाकुंभ 2025 की विवरणिका का हुआ विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

विद्या भारती उत्तर क्षेत्र डिपार्टमेंट ऑफ होलिस्टिक एजुकेशन के तत्वावधान में शिक्षा महाकुंभ 2025 की विवरणिका विमोचन एवं बैटन हस्तांतरण कार्यक्रम का आयोजन केयू यूआईईटी संस्थान के ऑडिटोरियम हॉल में किया गया। इस अवसर पर जिला उपायुक्त कुरुक्षेत्र महाबीर प्रसाद ने बतौर मुख्य अतिथि कहा कि शिक्षा महाकुंभ राष्ट्रीय एकता और सामाजिक चेतना का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नूतन छात्रों को अनुशासन एवं कड़ी मेहनत के साथ कड़ा परिश्रम करने का आह्वान करते हुए कहा कि जीवन में असफलता एवं निराशा होने पर कभी भी हार नहीं माननी चाहिए। उन्होंने पर्वतारोही सरह्न एडमंड हिलेरी के प्रयासों की कहानी को साझा किया। यूआईईटी के निदेशक प्रो सुनील ढींगरा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए शिक्षा महाकुंभ की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत डिजिटल वीडियो प्रस्तुति में महाकुंभ की यात्रा दिखाई गई। तत्पश्चात बैटन हस्तांतरण एवं विवरणिका विमोचन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि एनआईटी कुरुक्षेत्र के निदेशक प्रो बीवी रमना रेड्डी ने शिक्षा महाकुंभ के द्वितीय संस्करण की उपलब्धियाँ साझा कीं। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हॉलिस्टिक एजुकेशन के विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए अहम शिक्षा बिन्दुओं पर विचार साझा किए। विजय नड्डा, संगठन मंत्री, विद्या भारती उत्तर क्षेत्र ने कहा कि समाज में हो रहे श्रेष्ठ कार्यों और नवाचारों को मंच और पहचान देना ही शिक्षा महाकुंभ का ध्येय है। शिक्षा महाकुंभ 2025 की प्रमुख झलकियाँ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का समापन सौरभ चौधरी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। कार्यक्रम में रवीन्द्र सागर शर्मा, सतीश सैनी, डॉ. कृष्णा पांडे, डॉ. मनोज तेवतिया, रमेंद्र सिंह, डॉ. पवन दिवान, डॉ. राजेश अग्निहोत्री, छात्र प्रेरक कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. सविता, डॉ. दीप्ति व हरिकेश पपोसा उपस्थित रहे।


**कुरुक्षेत्र।** कार्यक्रम को संबोधित करते उपायुक्त महाबीर प्रसाद।

### ग्लोब हेरिटेज ने राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में परचम लहराया

लाडवा। ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में परचम लहराया। स्कूल के खेलकूद विभाग के अध्यापक संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र में आयोजित तीन दिवसीय राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल के 8 विद्यार्थियों ने भाग लिया और 4 स्वर्ण व 4 रजत पदकों के साथ कुल 8 पदक जीते। पदक जीतने वाले खिलाडियों में अमृतपाल सिंह, सार्थक, कुणाल व मयंक मेहता ने स्वर्ण पदक हासिल किया वहीँ भगत राम, रेहान, एरिक व रमनीत ने रजत पदक जीता। स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्र अमृतपाल सिंह को उसके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चैम्पियनशिप का सर्वश्रेष्ठ खिलाडी का पुरस्कार दिया गया। स्कूल में पहुँचने पर विजेताओं का स्वागत किया गया। विजेताओं का स्वागत करने के पश्चात प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने खिलाडियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि जिन विद्यार्थियों ने इस चैंपियनशिप में भाग लिया वो सभी बधाई के पात्र हैं क्योंकि किसी भी प्रतियोगिता में क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करना ही अपने आप में महत्वपूर्ण है और उसमें पदक जीतना सोने पर सुहागा जैसा है।

## भारतीय कलाकार ने रचा इतिहास अपनी कल्पना से लिखा अपना भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारत : एक अग्रणी दृश्य और प्रदर्शन कलाकार, स्नेहा सोल्खे, अपनी कल्पना को हकीकत में बदल रही हैं। उन्होंने एक अनोखी परियोजना की घोषणा की हैः एक ऐसी पत्रिका बनाना जो उनके अपने भविष्य की भविष्यवाणी करती है। यह एक ऐसा विचार है जिसे पहले कभी नहीं आजमाया गया है और अब इसे गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल करने के लिए प्रस्तुत किया जाएगा। कई सालों से, स्नेहा ने अपने जीवन में एक अनोखा पैटर्न देखा है - जो कल्पनाएं वे करती हैं, वे अक्सर हकीकत बन जाती हैं। इस अद्भुत क्षमता ने उन्हें अब तक का सबसे साहसिक कलात्मक प्रयोग करने के लिए प्रेरित कियाः अपने भविष्य को होने से पहले जान-बूझकर लिखना, डिजाइन करना और प्रकाशित करना। स्नेहा ने बताया कि मुझे एहसास हुआ कि मैं सिर्फ सपना नहीं देख रही थी, मैं अपनी जिंदगी को डिजाइन कर रही थी। अब, मैं अपने भविष्य को कागज पर उतारने और उसे हकीकत में बदलने के लिए तैयार हूं। यह आने वाली पत्रिका ललित कला, कहानी और अभिव्यक्ति का एक ऐसा मिश्रण होगी, जो व्यक्तिगत होने के साथ-साथ विश्व स्तर पर भी लोगों से जुड़ सकेगी। इसका हर पन्ना उन घटनाओं और उपलब्धियों का एक खाका होगा, जिन्हें वह जीना चाहती हैं, जिससे उनका जीवन एक कलात्मक प्रदर्शन और एक आत्म-पूर्ति वाली भविष्यवाणी दोनों में बदल जाएगा।



### लोक अदालत के बारे में किया जागरूक



**कुरुक्षेत्र।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र की सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा 13 सितंबर 2025 को होने वाली लोक अदालत के बारे में जागरूक करने के लिए कोर्ट कॉम्पलेक्स,लघु सचिवालय, उपभोक्ता फोरम में हेल्प डेस्क लगाया गया है। इसके तहत डीएलएसए के पीएलवीज द्वारा लोगों को पंपलेट देकर लोक अदालत के बारे में जागरूक किया जा रहा है।


**पिहोवा।** बैठक में भाग लेते श्री गणेश महोत्सव आयोजन समिति के पदाधिकारी व सदस्य

### गणेश महोत्सव समिति की बैठक में हन्नु चक्रपाणि बने प्रधान

**पिहोवा।** श्रीगणेश महोत्सव आयोजन समिति की एक बैठक सोमवार को सायंकाल एक निजी प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई। जिसमें सर्व सम्मति से पवन मार्किट के एम.डी. हन्नु चक्रपाणि को प्रधान मनोनीत किया गया। तत्पश्चात समिति द्वारा 27 अगस्त से 4 सितंबर तक मनाए जाने वाले गणेश महोत्सव की तैयारियों को लेकर अनेक मुद्दों पर विचार- विमर्श किया गया। अग्रणी सदस्य जगदीश तनेजा ने बताया कि महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित रूप से मनाने के लिए कई अहम निर्णय लिए गए हैं। प्रधान हन्नु चक्रपाणि ने बताया कि समिति द्वारा मनाया जाने वाला यह 20वां गणेश महोत्सव है। मान्यता है कि एक ही जगह पर लगातार 12 सालों तक गणेश प्रतिमा स्थापित होने से वह स्थान फलित हो जाता है इसलिए इस फलित जगह की महत्वता को देखते हुए वहां लगभग 2 वर्ष पूर्व प्रदेश के एकमात्र व पहले भगवान गणपति के मंदिर का निर्माण किया गया है।

**कार्यक्रम** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से विद्यार्थियों ने निकली तिरंगा यात्रा

# हमारे शौर्य, बलिदान और एकता का प्रतीक तिरंगा: धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय की एनएसएस यूनिट द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने यात्रा का शुभारंभ किया। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि तिरंगा केवल हमारे राष्ट्र का ध्वज नहीं है, बल्कि यह हमारे शौर्य, बलिदान और एकता का प्रतीक है। तिरंगे की शान के लिए हमारे वीर सैनिक सीमा पर दिन-रात डटे रहते हैं और उनकी बदौलत हम सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे देशहित को सर्वोपरि मानते हुए शिक्षा, सेवा और समाज के विकास में अपना योगदान दें। कुलपति ने कहा कि हर भारतीय का कर्तव्य है कि भारत माता की शान को बनाए रखने के लिए तन, मन और धन से अपना कुछ न कुछ योगदान जरूर दें। कुलसचिव प्रो. ब्रिजेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि तिरंगा हमारे आत्मसम्मान और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। तिरंगा हमें सदैव यह प्रेरणा देता है कि हम राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें। उन्होंने कहा कि श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का ही केंद्र नहीं है, बल्कि यहां विद्यार्थियों में संस्कार, देशभक्ति और सेवा भाव का संचार करना भी हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी अपनी अहम भूमिका निभाएं और समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनें।




### देशभक्ति गीतों और नारों से गूंजा वातावरण

यात्रा की शुरूआत विश्वविद्यालय परिसर से हुई। हाथों में तिरंगा लिए विद्यार्थी भारत माता की जय, वंदे मातरम, जय हिंद, तिरंगा हमारी शान है जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े। रास्ते भर देशभक्ति गीतों और नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। तिरंगा यात्रा उद्यम सिंह चौक पहुंची, जहां विद्यार्थियों और शिक्षकों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को पुष्प अर्पित कर नमन किया। इसके पश्चात यात्रा सर्किट हाउस होते हुए वापस विश्वविद्यालय परिसर में पहुंची।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, एनएसएस यूनिट के कोऑर्डिनेटर डॉ. पीसी मंगल, प्रोग्राम इंचार्ज डॉ. सुरेंद्र सहरावत, डॉ. कृष्ण कुमार, प्रो. शुभा कौशल, डॉ. रजनीश सिंह, पवन नांदल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पंजोखरा साहिब में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी हर्ष कुमार व रवि कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। जनेतपुर के लखविंद्र सिंह ने 29 जून 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव जनेतपुर खेत में बने कमरा की खिड़की तोड़कर मोटर की तार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज जमीन के कई फर्जी ब्याने करके रजिस्टरी न करवाकर पैसे का गबन करके धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी राजेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़ति महिला ने 6 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 7 नवंबर 2023 को आरोपी राजेश कुमार व अन्य ने मिलीभगत करके उनके नाम जमीन न होते हुए उसकी जमीन के ऊपर फर्जी ब्याना करके धोखाधड़ी से पैसों का गबन करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। अब मुख्य आरोपी को काबू किया है।

### चोरी के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज तांबा तार चोरी करने के मामले में सीआईए-नारायणगढ़ ने आरोपी दविंद्र सिंह उर्फ सोनू व रिंकू को गिरफ्तार किया है। उपलाना गांव के सरपंच संजीव कुमार ने 19 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15 जुलाई 2025 को गांव उपलाना के सरकारी ट्यूबवेल से आरोपियों ने बिजली की तांबा तार चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### चोरी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी शुभम उर्फ बिच्छु को गिरफ्तार किया है। धुराला के जगतार सिंह ने 25 जुलाई 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 11/12 जुलाई 2025 को गोल्डन पार्क दयाल बाग गुरूद्वारा रोड में स्थित उसके घर से आरोपी ने हैमर, कटर व ग्राइंडर मशीन चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर किया था।

### 49 अभ्यार्थियों को सीट आवंटित

**अंबाला।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में मंगलवार को दाखिले किए गए। सुबह से दोपहर तक दाखिले को लेकर कुल 73 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से मेरिट बनाकर 49 अभ्यर्थियों को सीट आबंटित की गई। संस्थान में कुल 1188 सीट में से 894 सीट पर दाखिला हो चुका है, जबकि अभी 294 सीट खाली पड़ी हैं। इन सीट पर 22 अगस्त तक दाखिला किया जाएगा। संस्थान में रोजाना दोपहर तक आवेदन लिए जा रहे हैं। रोजाना आने वाले आवेदन में से मेरिट अनुसार दाखिले किए जा रहे हैं।

# बंदरों के आतंक से राहगीर खौफजदा, कालेज छात्रा पर किया हमला, मुश्किल से बची जान, दोनों हाथ जख्मी

## कई लोगों को बंदर बना चुके शिकार, बंदरों के डर से छत से कूद चुकी है छात्रा, तुड़वा चुकी है दोनों टांगें

### सरपंच बोले, जल्द समस्या का करेंगे समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

इन दिनों कस्बे में बंदरों का बेहद आतंक है। इसके कारण लोग खौफजदा हैं। खासकर महिला-बच्चे व बुजुर्ग बेहद भयभीत हैं। यहां घूमने वाले बंदर खूंखार हो गए हैं। मंगलवार दोपहर को पुरानी अनाज मंडी में कुछ बंदरो ने कॉलेज की छात्रा पर हमला कर दिया। इस हमले में छात्रा बुरी तरह डर गई। जब छात्रा भागने लगी तो बंदरों ने पीछा कर उस पर हमला कर दिया। छात्रा ने चिल्लाना शुरू कर दिया लेकिन बंदरो ने उस का पीछा नहीं छोड़ा। इस हमले में छात्रा के हाथ बुरी तरह जख्मी हो गए। उसकी घड़ी व मोबाइल भी टूट गया। यह घटना पास ही लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भी पुरानी अनाज मंडी के पास स्थित एक मकान में घुस कर एक बुजुर्ग महिला माया देवी पर आंगन से अंदर आकर बंदर ने उस पर झपटते हुए उस की गर्दन को काट खाया था। मंगलवार को छात्रा पर हुए बंदरों के हमले की घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल रहा। वीडियो देख कर लोगों में और ज्यादा डर व्याप्त हो गया।


**मुलाना।** छात्रा पर बंदरों के हमला का दृश्य।

### छोटे बच्चों व बुजुर्गों को ज्यादा खतरा

बता दे की यहां बंदर सारा दिन गलियों में घूमते रहते हैं। एक ओर रास्ता रोक कर बैठ जाते हैं। बच्चों को गलियों से होकर स्कूल जाना पड़ता है। जिसके चलत बच्चों के मां बाप चिंतित रहते हैं।ज्यादातर ये अपना निशाना बच्चों को बनाते हैं।। यदि कोई बच्चा गलती से इन के साथ शरारत कर दे तो उस को ये अपना निशाना बनाए बगैर नहीं छोडते। पिछले दिनों कस्बे की एक छात्रा जो की अपने फाइनल ईयर की परीक्षा की छत्त पर बैठ कर तैयारी कर रही थी उस पर बंदरों ने हमला कर दिया था। उसने डर की वजह से छत्त से छलांग लगा दी थी। इसके कारण उसकी दोनों टांगें टूट गई थी। इसके कारण वह परीक्षा भी नहीं दे पाई। इन बंदरों ने इतना उत्पात मचाया हुआ है की ये किसी भी घर में घुस आते हैं। खाने की वस्तु उठा कर ले जाते हैं। यदि इन को रोकने की कोशिश करे तो पर झपट पड़ते हैं। कस्बे के बच्चे व महिलाएं इन के आतंक से काफी डरी हुई हैं। गांव की महिलाएं कविता, मनजीत, उमा जैन, रेनू धीमान, ममता सैनी, वंदना, नीलम, पूजा व्यास ने स्थानीय प्रशासन से बंदरों को पकड़ने की मांग की है ताकि किसी अनहोनी घटना से बचा जा सके।

### फ्रूट स्टाल वाले भी खोफ में

बंदरों का आतंक केवल घरों तक में ही सिमित नहीं है। ये फ्रूट स्टालों को भी अपना टारगेट रख वहां से फ्रूट उठाने से नहीं चूकते। रोकने पर आक्रामक हो जाते हैं। कस्बे से पहले भी ग्रामीण वासियों ने पंचायत के सहयोग से बंदर पकड़वाए थे। बंदर पकड़ने वाले लोग इन्हें पकड़ कर जंगल में छोड़ने की बजाए आस पास के क्षेत्रो में छोड़ देते हैं। इसके कारण बंदर मैदानी क्षेत्रों में ही डेरा जमाए रहते हैं। लंबे समय तक रहते हुए अपना उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं। सरपंच प्रवीन कुमार का कहना है कि उन्होंने पहले भी बंदर पकड़वा कर जंगल में छुड़वाए थे। अब भी उन के पास बंदरो के आतंक की शिकायतें आ रही हैं। छात्रा पर भी बंदरों के हमले का मामला संज्ञान में आया है।।बंदरों को पकड़वा कर जंगल मे छोड़ा जाएगा।

### कुत्ते ने मासूम बच्ची पर हमला कर हाथ की उंगलियां काटी, गंभीर हालत में दाखिल

- मेयर बोली निगम उपलब्ध करवाएगा बच्ची के परिवार को आर्थिक सहायता

**अंबाला।** एक मासूम बच्ची को कुत्ते ने काट लिया। इस दौरान बच्ची के हाथ की तीन उंगलियों गहरे घाव हो गए। घायल बच्ची को परिजन अंबाला शहर के नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसका इलाज किया जा रहा है। अंबाला शहर की तहसील परिसर में आधार कार्ड बनवाने आई एक बच्ची पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया था। कुत्ते ने बच्ची की हाथ की उंगलियों पर काट लिया। घायल बच्ची की उसी दौरान वहां मौजूद लोगों ने वीडियो बनाई थी। उधर इस घटना की सूचना लगने के बाद मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि उनको अभी यह जानकारी मिली है। नगर निगम प्रशासन बच्ची का पता लगा कर उसको नगर निगम के द्वारा सहायता राशि दी जाएगी। बता दें कि अंबाला में कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। जुलाई में 109 लोगों को कुत्तों ने शिकार बनाया। इसमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। कुत्ते लोगों को गली और बाजार से जाते हुए काट रहे हैं। बच्चों को भी स्कूल जाते हुए काट लिया। शहर में जिला नागरिक अस्पताल की बात करें तो अकेले ओपीडी में ही रोजाना 10 से 12 मामले कुत्तों के काटने के आ रहे हैं।

# श्रावणी पर्व पर छात्रों ने हवन में डाली आहुतियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

डीएवी पब्लिक स्कूल में श्रावणी पर्व बड़े उत्साह और धार्मिक भावनाओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता, भाषण, स्लोगन और प्रवचन जैसी विभिन्न गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस दौरान कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने कविता पाठ के माध्यम से जातिवाद, भ्रष्टाचार, नशाखोरी और नारी उत्पीड़न जैसी सामाजिक बुराइयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कक्षा नौवीं और दसवीं के विद्यार्थियों ने इन्हीं विषयों पर प्रभावशाली भाषण देकर सभी को प्रभावित किया। कक्षा चौथी और पांचवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्ण नारे और स्लोगन के माध्यम से सामाजिक संदेश दिए। हिंदी विभाग के शिक्षकों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर नैतिक मूल्यों, वेदों और हमारे सामाजिक व धार्मिक पर्वों के महत्व पर चर्चा की। श्रावणी पर्व के अंतिम दिन विद्यालय की प्राचार्या सुनीता कपूर ने हवन यज्ञ का आयोजन किया और वेदों का ज्ञान, भक्ति-समर्पण, शुद्धिकरण एवं संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बच्चों को नैतिक मूल्यों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्या के प्रवचनों और मंत्रोच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय और आनंदमयी हो उठा।

### मेडिएशन फॉर दि नेशन अभियान की शुरूआत

**अंबाला।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक विशेष जान जागरूकता अभियान मेडिएशन फॉर दि नेशन की शुरुआत की गई है। यह अभियान भारत के न्यायिक तंत्र पर बढ़ते बोझ को काम करने और जनता को त्वरित, सरल, सुलभ तथा सौहार्दपूर्ण न्याय उपलब्ध कराने के लिए मध्यस्थता (मेडिएशन) के महत्व को रेखांकित करता है। अभियान के अंतर्गत जिले में विभिन्न अदालतों में चल रहे मुकदमों को मध्यस्थता केंद्र द्वारा सुलझाने के प्रयास किया जाएगा। इस अभियान के अंतर्गत 90 दिन तक उचित लंबित मुकदमों को समझौता केंद्र में भेजा जाएगा।

# कॉमर्स में टॉप करने वाले साहिल ने लगाया मोरपंख का पौधा

- हरित महोत्सव पर स्मृतिवन का शुरूआत,
- पुलिस डीएवी स्कूल में हरित महोत्सव पर किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को हरित महोत्सव - 2025 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ह्यूमन फाउंडेशन द्वारा विभिन्न पौधारोपण कार्यक्रमों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय में स्मृतिवन का उद्घाटन किया गया। इसमें विद्यालय के बारहवीं कक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थी साहिल (98.4% कॉमर्स) ने इस स्मृतिवन में मोरपंख का पौधा लगाकर इसका उद्घाटन किया। इस अवसर पर ह्यूमन फाउंडेशन के सदस्य सुनील अरोड़ा, प्रोफेसर गरिमा जैन, प्रोफेसर दीक्षा, श्री राजेंद्र वशिष्ठ आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। उन्होंने विद्यालय के आठवीं कक्षा के तीनों लीडर्स पौधशाला, ऑक्सी ब्रिगेडियर, स्मृतिवन को तिलक लगाकर तथा बैच लगाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में बहुत उत्साहपूर्वक बढ-चढ कर भाग लिया। इस उपलक्ष में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और कहा कि आपके पास भी आने वाले 4 साल हैं।आपको भी इसका मौका मिलेगा, यदि कोई भी विद्यार्थी बारहवीं कक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंकों को प्राप्त करता हैं तो उस विद्यार्थी के नाम से इस स्मृतिवन में पौधा लगाया जाएगा। उन्होंने अपने वक्तव्य में यह भी कहा कि पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि पेड़ वायुमंडलीय कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं। पेड़ जड़ों के माध्यम से जल को अवशोषित करते हैं और उसे धरती में जमा करते हैं, जिससे जल संचयन में मदद मिलती है। पेड़ों की जगह मिट्टी को स्थिर करती हैं और मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार करती हैं।


**अंबाला।** स्मृति वन में पौधारोपण करते छात्र।

# प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना समृद्ध विरासत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में हिंदी विभाग एवं भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के द्वारा आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी को याद करते हुए कॉलेज परिसर में विद्यार्थियों को भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध एवं उज्जवल परंपरा से परिचित करवाने के लिए भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी भारतीय संस्कृति के श्रेष्ठ गायक हैं। भारतीय योग, साहित्य इतिहास, मूल्य, अनुशासन अन्य देशों में दुर्लभ है। प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत है। विद्यार्थियों ने अपने भाषण में भारतीय योग, गुरु शिष्य परंपरा, वेदों के महत्व पर अपने विचार प्रकट किए। प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. अनीश कुमार ने बताया कि भारतीय ज्ञान परंपरा विश्व बंधुत्व की वाहक है। सर्व के हित की कामना भारतीय ज्ञान परंपरा ही करती है। विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक चरित्रों के द्वारा अपनी बात को रखा। भौतिकवाद के युग में विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ना भारतीय ज्ञान परंपरा की प्रमुख देन है। विद्यार्थियों ने अपने भाषण में बताया कि उच्च आचरण, शास्त्र सम्मत जीवन जीना, नीति की पगडंडियों पर चलना व्यक्ति के व्यक्तित्व को परिष्कृत करता है। जहां गुरु शिष्य परंपरा की बात करते विद्यार्थियों ने रामचरितमानस, महाभारत से उदाहरण प्रस्तुत कर अपनी बात को जोर देखकर रखा वही योग की विभिन्न क्रियाओं को विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से स्पष्ट किया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल के रूप में डॉ. रितु गुप्ता वर्तमान रही। भाषण प्रतियोगिता में डॉ. राजेंद्र देशवाल, प्रो.प्रियंका, प्रो. हर्षिता, प्रो.मीरवाल की विशेष भूमिका रही।


**अंबाला।** भाषण प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले छात्र।

# डेढ़ एकड़ में गैरकानूनी तरीके से आबाद हो रही अवैध कॉलोनी में चला पीला पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया के गांव लाहा में लगभग 1.48 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में बनी कच्ची सडक़ों के जाल को पूर्णतया धवस्त कर दिया गया।

मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, पटवारी नेत्रपाल तथा एसएचओ इंफोर्समेंट ब्यूरो व पुलिस विभाग के जवान भी मौके पर मौजूद थे।

मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने आमजन से अपील की है कि वे ऐसी कॉलोनियों में जमीन की खरीद फरोख्त न करें। ऐसी कॉलोनियों में प्रोपर्टी डीलर कॉलोनी के रेगूलर होने का झांसा देकर प्लाट बेच देते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार से किसी भी झांसे में न आएं तथा इन अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदने तथा किसी भी प्रकार का निर्माण न करने की भी चेतावनी दी गई।


**अंबाला।** अवैध कॉलोनी में हुए निर्माण को ढहाती जेसीबी।

### संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों के प्रति गांव ढुढी में आमजन को किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र के सीजेएम एवं सचिव नीतिका भारद्वाज द्वारा जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुरुक्षेत्र द्वारा जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज पीएलवी रजत ने गांव ढुढी में आमजन को संगठित और असंगठित मजदूरों के अधिकारों, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, विधवाओं के लिए हालसा की योजनाएं, नालसा (मानसिक रूप से विकलांग और विकलांग व्यक्तियों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (असंगठित मजदूरों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2015, नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए कानूनी सेवाएं) योजना 2016, पॉश एक्ट, पोक्सो एक्ट, विक्टिम केयर एंड सपोर्ट सिस्टम, व डीएलएसए द्वारा दी जाने वाली मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें पंपलेटस भी बांटे गए। इन कैंपों का उद्देश्य लोगों में जागरूकता लाना है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### नशे जैसे घातक पदार्थ के सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी तक हो सकती है

# नशाखोरी से सेहत पर पड़ता है बुरा असर, सामाजिक और भावनात्मक विकास भी होता है बाधित: प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कंचन माही के मार्गदर्शन में एसए. जैन सीनियर सैकेंडरी स्कूल में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज में नशा मुक्ति, बाल विवाह की रोकथाम और बच्चों की सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस कैंप में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण ने शिरकत की। उन्होंने कैंप में उपस्थित बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बताया कि नशे के सेवन से न केवल स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है, बल्कि व्यक्ति का सामाजिक और भावनात्मक विकास भी बाधित होता है। नशा जैसे घातक पदार्थ के सेवन से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी तक हो सकती है। नशा छोड़ने के लिए परिवार, समाज व हेल्पलाइन (1933, 14446) का सहयोग लें। उन्होनें यह भी बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है। भारत में बाल विवाह के मामलों की संख्या घटी है, फिर भी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों में इसकी घटनाएं अधिक सामने आती हैं। कानून के अनुसार लडक़ी की उम्र शादी के समय 18 वर्ष और लडक़े की 21 वर्ष होनी चाहिए, नाबालिग की शादी गैरकानूनी है। इस कैंप में बालकों की सुरक्षा के लिए एक्ट की जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि यौन शोषण के मामलों में शिकायत दर्ज कराने हेतु एक्ट के तहत सख्त प्रावधान हैं। ऐसे मामलों में पीडित की गोपनीयता और पुनर्वास, साथ ही दोषियों को उचित दंड दिलाने के लिए विशेष अदालतें और प्रक्रिया का पालन किया जाता है। शिविर में मौजूद सभी प्रतिभागियों ने इन मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों को सहायता उपलब्ध कराने की सामूहिक शपथ ली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों से अपील की कि वे इन समस्याओं के खिलाफ सामाजिक एकजुटता दिखाएं और बच्चों को सुरक्षित एवं स्वस्थ जीवन देने हेतु अपना सहयोग दें। सचिव प्रवीण ने बताया कि किसी भी कानूनी सहायता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्प लाइन नंबर 0171.2532142 तथा नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 से सम्पर्क कर सकते हैं या फिर किसी भी कार्यदिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आकर भी कानूनी सहायता, परामर्श ले सकते हैं। इस कैंप में अधिवक्ता साहिल आर्य, पैरा लीगल वालंटियर मिस बिंपी रेखी तथा स्कूल स्टाफ मौजूद रहे।


**अंबाला।** छात्रों को जागरुक करते सीजेएम प्रवीण व अन्य।